<u>प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 10/2023)</u>

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

<u>भादूविप्रा ने 'दूरसंचार अवसंरचना की साझेदारी,स्पेक्ट्रम की साझेदारी तथा स्पेक्ट्रम को पट्टे पर देने पर परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार</u>

नई दिल्ली, 9 फरवरी 2023 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिनांक 13.01.2023 को '**दूरसंचार अवसंरचना की साझेदारी,स्पेक्ट्रम की साझेदारी तथा स्पेक्ट्रम को पट्टे पर देने**' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.02.2023 और प्रति टिप्पणियों के लिए अंतिम तिथि दिनांक 24.02.2023 निर्धारित की गई थी।

2. टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा के विस्तार के लिए हितधारकों के अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 03.03.2023 और 17.03.2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से दूरभाष संख्या +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह/

(वी. रघुनंदन)

सचिव, भादूविप्रा